एचटी मीडिया लिमिटेड

CIN: L22121DL2002PLC117874

पंजीकृत कार्यालयः हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, द्वितीय तल,
18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001

फोनः +91-11-6656 1608, **फैक्सः** +91-11-6656 1445

ई-मेलः investor@hindustantimes.com **वेबसाइटः** www.htmedia.in

सदस्यों के लिए सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबन्धन और प्रशासन) नियम, 2014 के अन्तर्गत कम्पनी डाक मतपत्र नोटिस दिनांकित 8 दिसम्बर, 2017 (डाक मतपत्र नोटिस) में निहित विशेष प्रस्ताव की सदस्यों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से (जिसमें इलेक्ट्रनिक साधनों द्वारा मतदान (ई-वोटिंग) सम्मलित है), स्वीकृति प्राप्त करना चाहती है।

कम्पनी ने 15 दिसम्बर, 2017 को मतपत्र प्रपत्र और डाक पूर्व-प्रदत्त स्व-पता लिखे व्यवसाय प्रत्युत्तर लिफाफे के साथ डाक मतपत्र सूचना के प्रेषण को पूरा कर लिया है। डाक मतपत्र सूचना और मतपत्र प्रपत्र को इलेक्ट्रॉनिक रूप में उन सदस्यों को भेजा जा रहा है जिनके ई-मेल पते, डिपाजिटरी प्रतिभागियों (इलेक्ट्रॉनिक शेयरधारण की स्थिति में)/कम्पनी के पंजीयक तथा हस्तांतरण एजेंट (भौतिक शेयरधारण की स्थिति में) के पास पंजीकृत हैं। ऐसे सदस्य जिनके ई-मेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें डाक मतपत्र सूचना की भौतिक प्रतियों को अनुमत्य विधि द्वारा भेजा जा रहा है।

कम्पनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड ('कार्वी') को नियुक्त किया है। ई-वोटिंग की प्रक्रिया को डाक मतपत्र सूचना में वर्णित किया गया है।

वे व्यक्ति जिनके नाम शुक्रवार, 8 दिसम्बर, 2017 (''**कट-ऑफ तिथि**'') को सदस्यों की पंजिका/लाभकारी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, वे डाक मतपत्र सूचना में उल्लिखित विशेष प्रस्ताव पर ई-वोटिंग प्रक्रिया/डाक मतपत्र के जरिए वोट डालने के हकदार होंगे। वे व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं हैं, इस सूचना को केवल जानकारी उद्देश्य हेतु माने।

अन्य विवरण अधोलिखित अनुसार हैंः

(क) ई-वोटिंग सुविधा रविवार, 17 दिसम्बर, 2017 (प्रातः 9.00 बजे सर्वर समय) से शुरू होकर सोमवार, 15 जनवरी, 2018 (सायं 5.00 बजे सर्वर समय) तक खुली रहेगी। उसके बाद, रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल कार्वी द्वारा निर्योग्य कर दिया जाएगा। यदि एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है तो वह सदस्य बाद में उसे बदलने के लिए अनुमत्य नहीं होगा।

(ख) सोमवार, 15 जनवरी, 2018 को सायं 5.00 बजे के बाद प्राप्त किए गए डाक मतपत्र प्रपत्रों को सदस्यों से जवाब प्राप्त नहीं हुआ के रूप में माना जाएगा।

(ग) सदस्य वोट डालने के लिए केवल एक विधि को चुन सकते हैं या तो डाक मतपत्र या ई-वोटिंग। यदि कोई सदस्य दोनों विधियों द्वारा अपना वोट डालता है तो ई-वोटिंग द्वारा डाला गया वोट वैध होगा और डाक मतपत्र द्वारा डाला गया वोट अवैध माना जाएगा।

(घ) वे सदस्य जिन्हें डाक मतपत्र प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं या जिन्हें वे ई-मेल द्वारा प्राप्त हुए हैं और वे मतपत्र प्रपत्र के जरिए वोट करना चाहते हैं तो ई-मेल के साथ संलग्न या वेब लिंकः www.evoting@karvy.com से या कम्पनी की वेबसाइट यानी www.htmedia.in से जहां डाक मतपत्र सूचना प्रदर्शित की गयी है मतपत्र प्रपत्र को डाउनलोड कर सकते हैं और विधिवत सम्पूरित तथा हस्ताक्षरित मतपत्र प्रपत्र को इस प्रकार भेजें कि संवीक्षक के पास 15 जनवरी 2018 को या उससे पहले पहुंच जाएं।

(ङ) ई-वोटिंग के संबंध में कोई पूछताछ/शिकायत होने पर, सदस्य कार्वी की वेबसाइटः https://evoting.karvy.com के ''Downloads'' अनुभाग में उपलब्ध Help & FAQ's Section/E-voting user mannal को देख सकते हैं या श्री जी. रमेश देसाई, प्रबंधक, कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31-32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, हैदराबाद-500032 या ई-मेल पताः evoting@karvy.com या सम्पर्क नं. 040-6716 2222 या कार्वी के टोल फ्री नं. 1800-345-4001 (प्रातः 9.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक) पर सम्पर्क करें।

(च) डाक मतपत्र व ई-वोटिंग के परिणामों को बुधवार, 17 जनवरी, 2018 को सायं 5.00 बजे कम्पनी के पूर्णकालिक निदेशक अथवा कम्पनी सचिव द्वारा हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस (द्वितीय तल), 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110 001 में स्थित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में घोषित किया जाएगा। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ डाक मतपत्र के परिणाम को नई दिल्ली स्थित पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी के सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ परिणाम को कम्पनी की वेबसाइट यानी www.htmedia.in तथा कार्वी की वेबसाइट यानी https://evoting.karvy.com पर भी प्रदर्शित किया जाएगा तथा उन स्टॉक एक्सचेंजों में भी घोषित किया जाएगा जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

कृते **एचटी मीडिया लिमिटेड**

हस्ता./-

(दिनेश मित्तल)

पूर्णकालिक निदेशक, ग्रुप जनरल काउंसिल

दिनांकः 15 दिसम्बर, 2017 **एवं कम्पनी सचिव**